# उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्
# बायोटेक भवन हल्दी, जिला-ऊधमसिंह नगर

## निष्प्रयोज्य सामग्री की निविदा से सम्बन्धित शर्ते

I. विक्रय हेतु प्रस्तावित निष्प्रयोज्य सामग्रियों का भौतिक अवलोकन/गुणवत्ता की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, बायोटेक भवन हल्दी से प्राप्त की जा सकती है।

II. निविदा में जहाँ पर दरें प्रति लॉट मांगी गयी है, उसी प्रकार निविदा प्रपत्र में भरी/अंकित की जायें अन्यथा निविदा निरस्त/अमान्य की जा सकती है।

III. निष्प्रयोज्य सामग्री की बिक्री, "माल जैसा है जहाँ है" के आधार पर की जायेगी तथा निविदा खोले जाने के बाद गुणवत्ता या अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

IV. क्रय की गयी सामग्री पर देय वस्तु एवं सेवा कर (GST) का भुगतान भी क्रेता को नियमानुसार अतिरिक्त देना होगा।

V. डाउनलोड किये जाने वाले निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 2,000.00 + वस्तु एवं सेवाकर 18% = रू० 2,360.00 मात्र **स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, हल्दी जो केवल हल्दी में देय हो** का ड्राफ्ट जो Director, UCB, Project & Activity, Haldi के पक्ष में निर्गत तथा हल्दी में देय हो निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

VI. निविदादाता द्वारा धरोहर राशि के रूप में रू० 10,000.00 मात्र (रूपये दस हजार मात्र) **स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, हल्दी का ड्राफ्ट,** Director, UCB, Project & Activity, Haldi के नाम से बनाकर निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम ($H_1$) निविदादाता के साथ-साथ उच्चतर ($H_2$) निविदादाता की धरोहर धनराशि को रोकते हुये शेष सभी निविदादाताओं को उनके द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि का ड्राफ्ट अगले 07 कार्य दिवसों में उनके अनुरोध एवं प्रभारी भण्डार की संस्तुति पर उन्हें लौटा दिया जायेगा।

VII. निविदादाता द्वारा क्रय की गयी उच्चतम ($H_1$) निष्प्रयोज्य सामग्री किसी भी कारणवश न ले जाने/उठाये जाने पर उच्चतर ($H_2$) दर निविदा दाता द्वारा उच्चतम ($H_1$) की दरों पर सामग्री के क्रय हेतु यदि लिखित अनुरोध करता है तो निष्प्रयोज्य सामग्री/सम्बन्धित लॉट उच्चतर ($H_2$) निविदादाता को उठाने की अनुमति निदेशक, यू०सी०बी० द्वारा कर दी जायेगी।

VIII. उच्चतम निविदादाता/बोलीदाता को पूरे माल का 50% धनराशि निविदा खोले जाने/बोली छूटने के दिन ही अथवा अधिकतम अगले कार्य दिवस में जमा करनी होगी अन्यथा की दशा में जमा धरोहर राशि जो भी होगी जब्त कर ली जायेगी।

IX. क्रय किये गये माल/लॉट के पूरे मूल्य पर वस्तु एवं सेवा कर (GST), जो भी देय होगा, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त एवं क्रेता द्वारा पत्र प्राप्ति अथवा E-mail/Whatsapp प्राप्त होने पर निर्धारित तिथि के अन्दर क्रेता अपने स्तर से जमा कर, जमा रसीद की छायाप्रति उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, बायोटेक भवन हल्दी में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें तथा पूरे क्रय किये गये माल का शेष मूल्य यू०सी०बी० हल्दी के मुख्य खाते में जमा करने के उपरान्त क्रेता को क्रय माल/लॉट उठाना होगा।

X. यदि उच्चतम निविदादाता/बोलीदाता निर्धारित समय के अन्दर माल नहीं उठाता है तो अगले 10 कार्य दिवस तक क्रय सामग्री में मूल्य का 10% अतिरिक्त भण्डार अधिभार जमा कराते हुए क्रय सामग्री उठाने की अनुमति निदेशक, यू०सी०बी० द्वारा प्रदान की जा सकती है उसके उपरान्त भी क्रेता द्वारा माल न उठाने की दशा में उसकी धरोहर राशि तथा 50% जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

XI. निष्प्रयोज्य सामग्री की बिक्री हेतु गठित समिति को किसी भी निविदा को, जो समिति की दृष्टि में किसी भी कारण अयोग्य पाये जाने पर निरस्त करने का अधिकार होगा।

XII. निदेशक, यू०सी०बी० को, बिना कारण बताये, विज्ञापित तथा बिक्री की जाने वाली सामग्री को विक्रय करने/न करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा विक्रय की जाने वाली मात्रा को घटाया एवं बढ़ाया भी जा सकता है।

XIII. किसी भी विवाद के उत्पन्न होने पर यू०सी०बी० के निदेशक एक मात्र मध्यस्थ होगें जिनका निर्णय दोनो पक्षों (क्रेता तथा विक्रेता) को मान्य/स्वीकार करना होगा।

XIV. क्रेता जिसके नाम से निविदा स्वीकृत होगी क्रय किये गयी सामग्री को स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से ही उठा/प्राप्त कर सकता है।

XV. सामग्री/लॉट का उचित आरक्षित/निर्धारित न्यूनतम मूल्य प्राप्त न होने पर समिति द्वारा आंशिक अथवा पूर्ण रूप से सम्बन्धित सामग्री/लॉट की निविदा/बोली को निरस्त किया जा सकता है।

XVI. माल की ढुलाई, श्रम शक्ति एवं वाहन का प्रबन्ध स्वयं क्रेता को करना होगा। क्रेता द्वारा क्रय किये गये माल को उठाने, काटने, तोड़ने अथवा ले जाते समय यदि यू०सी०बी० हल्दी की किसी भी प्रतिभूति की क्षति होती है तो उसकी आर्थिक भरपाई क्रेता को करनी होगी।

# उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्
## बायोटेक भवन हल्दी, जिला-ऊधमसिंह नगर

**विभिन्न प्रकार की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की बिक्री हेतु निविदा प्रपत्र**

| लॉट संख्या | निष्प्रयोज्य सामग्री/स्क्रैप का नाम | अनुमानित मात्रा | दर प्रदाता द्वारा घोषित कर रहित दर | दर प्रदाता द्वारा घोषित कर रहित दर को शब्दों में भी लिखें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न प्रकार के ए.सी. एवं स्टैपलाइजर के साथ-साथ अन्य सहवर्ती उपकरणों का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०............ प्रति कि.ग्रा. | |
| 2. | एल्युमिनियम स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०............ प्रति कि.ग्रा. | |
| 3. | स्टैण्ड फैन एवं कूलर के विभिन्न साइज का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०.............प्रति कि.ग्रा. | |
| 4. | एम0एस/जी0आई/सी0आई/टिन/आयरन/स्टील स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०................ प्रति नग | |
| 5. | इलैक्ट्रानिक सामग्रियों/उपकरणों का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०.............प्रति कि.ग्रा. | |
| 6 | इलेक्ट्रिक का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०.............प्रति कि.ग्रा. | |
| 7. | विभिन्न साइज की बैट्री का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०.............प्रति कि.ग्रा. | |
| 8. | प्लास्टिक स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०.............प्रति कि.ग्रा. | |
| 9. | विभिन्न प्रकार के टायरों का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | रू०.............प्रति कि.ग्रा. | |

आवेदक/फर्म का पूरा नाम एवं पताः-

टेलीफोन नम्बर/मोबाइल नम्बर (नाम सहित लिखें) :-

ई-मेल (यदि उपलब्ध हो तो):-

जी०एस०टी रजिस्ट्रेशन नम्बर (फर्म की दशा में) (छायाप्रति संलग्न करें):-

पैन कार्ड नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें):-

आधार कार्ड नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें):-

निविदा प्रपत्र राशि रू०:- 2000.00 + वस्तु एवं सेवा कर 18% = रू0 2,360.00

ड्राफ्ट/बैंकर चैक का नम्बर एवं दिनांकः-

धरोहर धनराशि रू०:- 10,000.00 (दस हजार रूपये मात्र)

ड्राफ्ट/सावधि जमा प्रपत्र का नम्बर तथा दिनांकः-

**नोटः-** आवेदक द्वारा अपने आवेदन के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू० 2000.00 + वस्तु एवं सेवा कर 18% = **रू० 2,360.00** का ड्राफ्ट Director, UCB, Project & Activity, Haldi एवं धरोहर धनराशि **रू० 10,000.00 मात्र (रूपये दस हजार मात्र)** का ड्राफ्ट Director, UCB, Project & Activity, Haldi के नाम से अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर राशि का ड्राफ्ट मूलरूप से अलग-अलग जमा न करने पर आवेदक द्वारा प्रेषित निविदा अस्वीकार्य की जा सकती हैं। वस्तु एवं सेवा कर की राशि, (जिस लॉट/सामग्री पर जो भी दर होगी) सामग्री उठाने से पूर्व उच्चतम निविदादाता द्वारा जमा कर रसीद अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

**प्रभारी भण्डार**
**यू०सी०बी०, हल्दी**

**आवेदक के हस्ताक्षर**

# नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, बायोटेक भवन हल्दी, जिला-ऊधमसिंह नगर के भण्डार में भण्डारित सामग्री नीचे दर्शायी गयी तालिका के विवरणानुसार नीलामी हेतु (माल जैसा है जहाँ है के आधार पर) बन्द लिफाफे में निविदायें आमन्त्रित की जाती है:-

| लॉट संख्या | स्क्रैप का नाम | मात्रा | उपलब्धता का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न प्रकार के ए.सी. एवं स्टैपलाइजर के साथ–साथ अन्य सहवर्ती उपकरणों का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |
| 2. | एल्युमिनियम स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |
| 3. | स्टैण्ड फैन एवं कूलर के विभिन्न साइज का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |
| 4. | एम0एस / जी0आई / सी0आई / टिन / आयरन / स्टील स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |
| 5. | इलैक्ट्रानिक सामग्रियों / उपकरणों का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |
| 6. | इलेक्ट्रिक का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |
| 7. | विभिन्न साइज की बैट्री का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |
| 8. | प्लास्टिक स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |
| 9. | विभिन्न प्रकार के टायरों का स्क्रैप | सम्पूर्ण लॉट | यू0सी0बी0 हल्दी |

इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, बायोटेक भवन हल्दी, जिला-ऊधमसिंह नगर से **रू० 2,000.00 + वस्तु एवं सेवा कर 18% = 2,360.00 मात्र** का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक Director, UCB, Project & Activity, Haldi के नाम बनाकर किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **30.10.2025 से 03.11.2025 सांय 05:00** बजे तक प्राप्त कर सकते है अथवा उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद की बेबसाइट www.ucb.ac.in से डाउन लोड कर सकते है। निविदा में प्रतिभाग करने के इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में उपरोक्त तालिका के स्तम्भ संख्या 04 (उपलब्धता वाले स्थान) पर प्रातः 9:30 बजे से 12:00 बजे एवं सांय 2:30 बजे से 4:30 बजे तक की अवधि में विक्रय की जाने वाली सामग्रियों/स्कैप का निरीक्षण करने के साथ-साथ किसी भी शंका निवारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी के सम्पर्क शूत्र नम्बर 9758877999 पर सम्पर्क कर सकते है।

पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा प्रपत्र, धरोहर राशि **रू० 10,000.00 मात्र का स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया बैंक का ड्राफ्ट,** Director, UCB, Project & Activity, Haldi के नाम से बनाकर दिनांक **04.11.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक** उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, बायोटेक भवन हल्दी में रक्षित निविदा पेटी/बाक्स में डाल सकते हैं उसके बाद कोई भी निविदा स्वीकार्य नही होगीं प्राप्त निविदायें दिनांक **04.11.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के सामने अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेंगी।

**प्रभारी भण्डार**
**यू०सी०बी०, हल्दी**

## निविदा सूचना

उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, बायोटेक भवन हल्दी, जिला-ऊधमसिंह नगर में भण्डारित स्कैप की बिक्री "माल जैसा है जहाँ है के आधार पर" किये जाने हेतु बन्द लिफाफे में निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद की बेबसाइट www.ucb.ac.in पर देखा व डाउन लोड किया जा सकता है। पंजीकृत डाक से भेजने अथवा निविदा पेटी में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 04.11.2025 अपरान्ह 1.00 बजे तक है। निर्धारित अवधि में प्राप्त निविदाएं दिनांक 04.11.2025 को सांय 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाता चाहें तो उक्त समय व तिथि पर उपस्थित रह सकते है। निविदा प्रपत्र शुल्कः- रू० 2,000.00+18% वस्तु एवं सेवाकर = रू० 2,360.00 प्रति निविदा।

मोबाइल नं० 9758877999

**प्रभारी भण्डार**
**यू०सी०बी०, हल्दी**